प्रारुप–11

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।

**परियोजना का नामः–** जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत अमसारी से हाडीसेरा मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

## वनभूमि की मॉग का औचित्य एवं विवरण

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत अमसारी से हाडीसेरा मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु शासनादेश संख्या 7326/111–(2)/10–18 (प्रा0आ0)/2010 टी0सी0–VI दिनांक 31 दिसम्बर 2010 द्वारा 2.00 कि0मी0 लम्बाई के लिए रु0 25.20 लाख मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

इस मार्ग हेतु पूर्व मे छोटी बेरनी–अमसारी हल्का वाहन मार्ग, जो कि अब मोटर मार्ग मे परिवर्तित हो गया है, के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ कर गंगसार गॉव को 1.250 किमी0 मे जोडते हुये हाडीसेरा गंगसार गॉव मार्ग पर मिलाने हेतु प्रस्तावित किया गया था, किन्तु भारत सरकार के द्वारा इस संरेखण पर ग्राम हाडीसेरा प्रत्यक्ष रूप से न जुड़ने के कारण वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत नही किये गये जिस कारण इस मार्ग को निर्मित करने हेतु पुनः दिनांक 22.06.2016 को वन विभाग/राजस्व विभाग के साथ स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर एक अन्य संरेखण प्रस्तावित किया गया है जो कि छोटी बेरनी–अमसारी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होता है तथा हाडीसेरा गॉव को 2.00 किमी0 मे जोड़ता है। मार्ग का यह संरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वॉ वृत्त लोक निर्माण विभाग नई टिहरी के पत्रांक 5081/415सी–8/2016 दिनांक 09.08.2016 के द्वारा स्वीकृत है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रारम्भिक 550 मीटर लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.385 हे0 एवं उसके उपरान्त 150 मीटर लम्बाई मे नाप भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.105 हे0 तथा अन्तिम 1300 मीटर लम्बाई मे आाक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.910 हे0 है, इस प्रकार कुल 1.295 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण की आवश्यकता है।

इस मार्ग के नव निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ–साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी तथा ग्राम हाडीसेरा गॉव को यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक एवं न्यूनतम है।

इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण 7.00 मीटर चौड़ाई में पेड़ों की गिनती के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसमे कुल **245** वृक्ष आ रहे हैं। इस परियोजना मे बॉज प्रजाति के कोई भी वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है। (संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।) प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौडाई 7.00 मीटर ली गयी है। मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूचि निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | हाडीसेरा | 00433900 | 166 |
| | | योग :– | **166** |

| | | |
|---|---|---|
| अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। | सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। |

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग नरेन्द्रनगर